बिहार सरकार

लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग

**दिनांक–26.05.2026 को माननीय मुख्यमंत्री, बिहार की अध्यक्षता में आयोजित लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की समीक्षात्मक बैठक की कार्यवाही :–**

सर्वप्रथम विभागीय प्रधान सचिव महोदय द्वारा माननीय मुख्यमंत्री एवं उपस्थित वरीय पदाधिकारियों का अभिवादन किया गया। तत्पश्चात् प्रधान सचिव महोदय द्वारा Power Point प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विभाग द्वारा कराये जा रहे कार्यो की जानकारी उपलब्ध करायी गयी।

माननीय मुख्यमंत्री, बिहार द्वारा विभाग अंतर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षोपरांत निम्न निदेश दिये गये :–

1. जल जीवन मिशन अंतर्गत निर्मित जलापूर्ति योजनाओं के परिचालन एवं रख–रखाव में पंचायती राज संस्थाओं की भूमिका बढ़ाने हेतु जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार एवं लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार सरकार के बीच MOU (समझौता ज्ञापन) किया जाय।

2. 'हर घर नल का जल' योजना के तहत पेयजलापूर्ति की पूर्व निर्धारित अवधि (सारणी–1 के अनुसार) में सुबह–शाम एक–एक घंटे की अतिरिक्त वृद्धि कर (सारणी–2 के अनुसार) पेयजलापूर्ति किया जाय।

| सारणी–1 (पूर्व निर्धारित अवधि) | |
|---|---|
| पाली | अवधि |
| प्रथम पाली (सुबह) | प्रातः 6:00 से 9:00 बजे (अक्टुबर से मार्च)<br>प्रातः 5:00 से 8:00 बजे (अप्रैल से सितम्बर) |
| द्वितीय पाली (दोपहर) | अपराह्न 1:00 से 2:00 बजे |
| तृतीय पाली (संध्या) | अपराह्न 4:00 से 6:00 बजे |

| सारणी–2 (नव निर्धारित अवधि) | |
|---|---|
| पाली | अवधि |
| प्रथम पाली (सुबह) | प्रातः 6:00 से 10:00 बजे (अक्टुबर से मार्च)<br>प्रातः 5:00 से 9:00 बजे (अप्रैल से सितम्बर) |
| द्वितीय पाली (दोपहर) | अपराह्न 1:00 से 2:00 बजे |
| तृतीय पाली (संध्या) | अपराह्न 4:00 से 7:00 बजे |

3. 'हर घर नल का जल' निश्चय अंतर्गत पंचायती राज विभाग द्वारा निर्मित / स्थानांतरित योजना में भूमिदाता अनुरक्षकों के मानदेय में आ रही समस्याओं का निराकरण हेतु विकास आयुक्त, बिहार की अध्यक्षता में बैठक कर उक्त समस्या का निराकरण किया जाय।

4. दिनांक–15.06.2026 तक सभी मरम्मति योग्य चापाकलों की मरम्मति तथा गैर मरम्मति योग्य (Defunct) चापाकलों को स्थल से हटाया जाय।

प्रधान सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग ने माननीय मुख्यमंत्री द्वारा दिये गये निदेशों का अनुपालन ससमय सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया।

धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्त की गयी।

इस कार्यवाही पर सक्षम प्राधिकार का अनुमोदन प्राप्त है।

Pankaj K.
22/7/2026.
प्रधान सचिव
लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग
बिहार सरकार

**बिहार सरकार**
**लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग**

ज्ञापांक–14 / बैठक–108 / 24– 597 दिनांक– 22/7/26

प्रतिलिपिः–सभी क्षेत्रीय मुख्य अभियंता / सभी अधीक्षण अभियंता / सभी कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/7/26
(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

ज्ञापांक–14 / बैठक–108 / 24– 597 दिनांक– 22/7/26

प्रतिलिपिः–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0 / का0प्र0) / अपर सचिव / सभी मुख्य अभियंता (उत्तर बिहार / दक्षिण बिहार / अनुश्रवण / यांत्रिक ) / संयुक्त निदेशक, जल जीवन मिशन / अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव के प्रावैधिक सचिव / विशेष कार्य पदाधिकारी / सभी नोडल पदाधिकारी / बजट पदाधिकारी / आइटी मैनेजर / सभी प्रशाखा पदाधिकारी, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/7/26
(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)

ज्ञापांक–14 / बैठक–108 / 24– 597 दिनांक– 22/7/26

प्रतिलिपिः–प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

22/7/26
(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)